सुरेश सुब्रमणियन, मुख्य परिचालन अधिकारी, एजुकेट गर्ल्स ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, "8 वर्ष एक लंबा समय होता है। एजुकेट गर्ल्स आज जिस मुकाम पर खड़ा है, उसमें इसकी टीम के कठिन परिश्रम एवं दृढ़ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं, विशेषकर अपनी टीम बालिका के सदस्यों को। बालिका शिक्षा के सरोकार में अपने बहुमूल्य समय एवं प्रयास को न्योछावर करने के लिए आप को बहुत-बहुत धन्यवाद। आप ने उन 1,00,000 बालिकाओं को आशा रुपी पंखो से सुसज्जित किया है, जिन्हें आप ने अभी तक नामांकित किया है और आप के इस प्रयास से आने वाले समय में एक बड़ा बदलाव आएगा। मैं आप सभी से यह गुजारिश करता हूं कि आप एजुकेट गर्ल्स को अपना समर्थन देना जारी रखें एवं भारत की प्रत्येक बालिका को शिक्षा प्रदान करने के एजुकेट गर्ल्स विजन को मूर्त रुप में परिवर्तित करने के लिए कार्य करें।" एजुकेट गर्ल्स का लक्ष्य भारत की सभी बालिकाओं का व्यवहारगत, सामाजिक एवं आर्थिक रुपांतरण करना है, जहां पर सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर उपलब्ध है। इसका लक्ष्य वर्ष 2018 तक भारत के पिछड़े समुदाय में निवास करने वाले लगभग 40,00,000 बच्चों तक पहुंचना है।

'एजुकेट गर्ल्स' ने मनाया स्थापना दिवस

8वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती 'एजुकेट गर्ल्स'।

कोटा, (कासं): एजुकेट गर्ल्स ने आज अपने 8वें स्थापना दिवस की वर्षगांठ को मनाने के लिए आज 'अलगोजा रिसोर्ट' में एक विशाल समारोह का आयोजन किया। बूंदी के विधायक श्री अशोक डोगरा और बूंदी ब्लॉक की प्रधान श्रीमति मधु वर्मा सहित कई अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस वर्ष इस समारोह में बूंदी और भीलवाड़ा के 1050 टीम बालिका सदस्यों ने इस विशेष दिवस पर पारस्परिक सराहना एवं प्रोत्साहन के लिए एक साथ उपस्थित हो कर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया। इन्होंने अत्यधिक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पेश किया, जिसमें संगीतमय प्रस्तुतियां, रोल-प्ले एवं उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धियों की हृदयस्पर्शी कहानियां शामिल थीं। इस अवसर पर कुल 1300 लोग उपस्थित थे, जिसमें सरकारी अधिकारी, पीआरआई सदस्य, एजुकेट गर्ल्स के बूंदी और भीलवाड़ा के कर्मचारी एवं टीम बालिका के सदस्य शामिल थे। इस पूरे स्थल को इस वर्ष के थीम 'उड़ान' को ध्यान में रख कर चिंतनपरक तरीके से डिजाइन किया गया था।एजुकेट गर्ल्स वर्तमान समय में राजस्थान के 7 जिलों के 4600 गांवों में फैले लगभग 8000 स्कूलों में कार्यरत है। 8 वर्ष पूर्व अपने शुभारंभ के समय से इस संगठन ने 1,00,000 से अधिक बालिकाओं का नामांकन किया।

एजुकेट गर्ल्स के कार्यों से अब तक 28,00,000 से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए हैं। यह वर्ष ऐतिहासिक रहा है, क्योंकि एजुकेट गर्ल्स 10,00,000 से अधिक अनूठे लाभार्थियों तक पहुंचने में सफल रहा है-यह उपलब्धि इसकी स्थापना के बाद से किसी भी शैक्षणिक वर्ष की अपेक्षा से पहली बार सबसे अधिक है। स्थापना दिवस की 8वीं वर्षगांठ का यह समारोह, दोहरी खुशियों को ले कर आया है क्योंकि एजुकेट गर्ल्स ने इस वर्ष के प्रारंभ में सामाजिक क्षेत्र के सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवार्ड -स्कोल अवार्ड को हासिल किया। यह अवार्ड एजुकेट गर्ल्स को ऑक्सफोर्ड, इंग्लैंड में दिया गाया।सुरेश सुब्रमण्यिन, मुख्य परिचालन अधिकारी, एजुकेट गर्ल्स ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, '8 वर्ष एक लंबा समय होता है! एजुकेट गर्ल्स आज जिस मुकाम पर खड़ा है, उसमें इसकी टीम के कठिन परिश्रम एवं दृढ़ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। 1,00,000 बालिकाओं को आशा रुपी पंखो से सुसज्जित किया है।

प्रस्तुतियों से दिए संदेश

सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स का आठवां वार्षिक उत्सव

1050 टीम बालिका सदस्यों ने भाग लिया

बूंदी @ पत्रिका

patrika.com

शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स का गुरुवार को शहर के नैनवां रोड स्थित एक होटल में आठवां वार्षिक उत्सव आयोजित हुआ। समारोह में टीम बालिका सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और भ्रूण हत्या पर रोक का संदेश देने वाले नाटक का मंचन किया।

समारोह में मुख्य अतिथि बूंदी विधायक अशोक डोगरा ने बालिकाओं के नामांकन बढ़ाने में किए सहयोग के लिए संस्था के स्वयं सेवकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ेगी तो पूरा परिवार शिक्षित बनेगा। समारोह में बूंदी प्रधान मधु वर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ऋषिराज शर्मा, शिक्षाविद् हमीद उल हक बतौर अतिथि मौजूद थे।

बूंदी के नैनवां रोड स्थित एक निजी रिसोर्ट में गर्ल्स एजुकेट संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विधायक अशोक डोगरा व अन्य तथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देती टीम बालिका सदस्य। (इनसेट में)

समारोह में बूंदी और भीलवाड़ा के 1050 टीम बालिका सदस्यों ने भाग लिया। आयोजन स्थल को इस वर्ष की थीम 'उड़ान' को ध्यान में रखकर चिंतनपरक तरीके से डिजाइन किया गया। समारोह में बताया गया कि 13 हजार 374 बालिकाएं इस वर्ष स्कूल से जोड़ी गई। समारोह में संगठन के सीईओ सुरेश सुब्रमण्यम्, जिला प्रबन्धक नवल किशोर सोनी, जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज गौड़ मौजूद थे। संचालन मनीषा टांक ने किया।

एजुकेट गर्ल्स ने मनाया स्थापना दिवस

बूंदी, 11 दिसंबर। एजुकेट गर्ल्स ने आज अपने 8वें स्थापना दिवस की वर्षगांठ को मनाने के लिए आज 'अलगोजा रिसोर्ट' में एक विशाल समारोह का आयोजन किया। बूंदी के विधायक श्री अशोक डोगरा और बूंदी ब्लॉक की प्रधान श्रीमति मधु वर्मा सहित कई अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस वर्ष इस समारोह में बूंदी और भीलवाड़ा के 1050 टीम बालिका सदस्यों ने इस विशेष दिवस पर पारस्परिक सराहना एवं प्रोत्साहन के लिए एक साथ उपस्थित हो कर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया।

इन्होंने अत्यधिक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पेश किया, जिसमें संगीतमय प्रस्तुतियां, रोल-प्ले एवं उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धियों की हृदयस्पर्शी कहानियां शामिल थीं। इस अवसर पर कुल 1300 लोग उपस्थित थे, जिसमें सरकारी अधिकारी, पी.आर.आई सदस्य, एजुकेट गर्ल्स के बूंदी और भीलवाड़ा के कर्मचारी एवं टीम बालिका के सदस्य शामिल थे। इस पूरे स्थल को इस वर्ष के थीम "उड़ान" को ध्यान में रख कर चिंतनपरक तरीके से डिजाइन किया गया था।

एजुकेट गर्ल्स वर्तमान समय में राजस्थान के 7 जिलों के 4600 गाँवों में फैले लगभग 8000 स्कूलों में कार्यरत है। 8 वर्ष पूर्व अपने शुभारंभ के समय से इस संगठन ने 1,00,000 से अधिक बालिकाओं का नामांकन किया। एजुकेट गर्ल्स के कार्यों से अब तक 28,00,000 से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए हैं। यह वर्ष ऐतिहासिक रहा है, क्योंकि एजुकेट गर्ल्स 10,00,000 से अधिक अनूठे लाभार्थियों तक पहुंचने में सफल रहा है-यह उपलब्धि इसकी स्थापना के बाद से किसी भी शैक्षणिक वर्ष की अपेक्षा से पहली बार सबसे अधिक है।

स्थापना दिवस की 8वीं वर्षगांठ का यह समारोह, दोहरी खुशियों को ले कर आया है क्योंकि एजुकेट गर्ल्स ने इस वर्ष के प्रारंभ में सामाजिक क्षेत्र के सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवार्ड - स्कोल अवार्ड को हासिल किया। यह अवार्ड एजुकेट गर्ल्स को ऑक्सफोर्ड, इंग्लैंड में दिया गया।

संधान

एजुकेट गर्ल्स ने मनाया स्थापना दिवस

बूंदी, 11 दिसंबर। एजुकेट गर्ल्स ने आज अपने 8वें स्थापना दिवस की वर्षगांठ को मनाने के लिए आज 'अलगोजा रिसोर्ट' में एक विशाल समारोह का आयोजन किया। बूंदी के विधायक श्री अशोक डोगरा और बूंदी ब्लॉक की प्रधान श्रीमति मधु वर्मा सहित कई अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस वर्ष इस समारोह में बूंदी और भीलवाड़ा के 1050 टीम बालिका सदस्यों ने इस विशेष दिवस पर पारस्परिक सराहना एवं प्रोत्साहन के लिए एक साथ उपस्थित हो कर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया।

इन्होंने अत्यधिक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पेश किया, जिसमें संगीतमय प्रस्तुतियां, रोल-प्ले एवं उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धियों की हृदयस्पर्शी कहानियां शामिल थीं। इस अवसर पर कुल 1300 लोग उपस्थित थे, जिसमें सरकारी अधिकारी, पी.आर.आई सदस्य, एजुकेट गर्ल्स के बूंदी और भीलवाड़ा के कर्मचारी एवं टीम बालिका के सदस्य शामिल थे। इस पूरे स्थल को इस वर्ष के थीम "उड़ान" को ध्यान में रख कर चिंतनपरक तरीके से डिजाइन किया गया था।

एजुकेट गर्ल्स वर्तमान समय में राजस्थान के 7 जिलों के 4600 गाँवों में फैले लगभग 8000 स्कूलों में कार्यरत है। 8 वर्ष पूर्व अपने शुभारंभ के समय से इस संगठन ने 1,00,000 से अधिक बालिकाओं का नामांकन किया। एजुकेट गर्ल्स के कार्यों से अब तक 28,00,000 से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए हैं। यह वर्ष ऐतिहासिक रहा है, क्योंकि एजुकेट गर्ल्स 10,00,000 से अधिक अनूठे लाभार्थियों तक पहुंचने में सफल रहा है-यह उपलब्धि इसकी स्थापना के बाद से किसी भी शैक्षणिक वर्ष की अपेक्षा से पहली बार सबसे अधिक है।

स्थापना दिवस की 8वीं वर्षगांठ का यह समारोह, दोहरी खुशियों को ले कर आया है क्योंकि एजुकेट गर्ल्स ने इस वर्ष के प्रारंभ में सामाजिक क्षेत्र के सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवार्ड - स्कोल अवार्ड को हासिल किया। यह अवार्ड एजुकेट गर्ल्स को ऑक्सफोर्ड, इंग्लैंड में दिया गया।

संधान

एजुकेट गर्ल्स टीम ने 8वीं वर्षगांठ मनाई

अजमेर|गैर-सरकारी संगठन. एजुकेट गर्ल्स के 8वें स्थापना दिवस की वर्षगांठ मनाने के लिए पदमिनी हेरिटेज रिसोर्ट में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 1200 टीम बालिका सदस्यों ने विशेष दिवस पर प्रोत्साहन के लिए एक साथ उपस्थित होकर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 1300 लोग मौजूद थे, जिसमें सरकारी अधिकारी, पीआरआई सदस्य, एजुकेट गर्ल्स के कर्मचारी एवं टीम बालिका के सदस्य शामिल थें। आयोजन स्थल को इस वर्ष की थीम उड़ान को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया। एजुकेट गर्ल्स से राजस्थान के 7 जिलों के 4600 गांवों में फैले लगभग आठ हजार स्कूल जुड़े हैं। सुरेश सुब्रमण्यिन मुख्य परिचालन अधिकारी ने बताया कि 8 वर्ष लंबा समय होता है। एजुकेट गर्ल्स आज जिस मुकाम पर है, उसमें टीम के परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका है।

स्थापना समारोह में प्रस्तुति देती छात्राएं -नवीन सोनवाल

शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार भी विकसित करें

एजूकेट गर्ल्स का स्थापना उत्सव

काली/नवज्योति, अजमेर

शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारों का विकास भी आवश्यक है। प्रदेश में शिक्षा के प्रति नई लहर विकसित हुई है। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में राज्य को शिखर पर ले जाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य में आमजन के साथ ही गैर सरकारी संगठनों का भी सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

प्रो. देवनानी शुक्रवार को पद्मिनी रिसोर्ट में गैर सरकारी संस्था एजूकेट गर्ल्स के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शिक्षा के प्रति एक नई लहर पैदा हुई है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में इस साल 9 लाख नए नामांकन हुए हैं। सरकार शिक्षा के उन्नयन के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

प्रो. देवनानी ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले करीब 43 हजार विद्यार्थियों को 13 दिसम्बर से पूर्व लैपटॉप वितरित किए जाएंगे। प्रदेश में नवीं कक्षा की 5.25 लाख बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई है, जो छात्राएं 5 किलोमीटर से अधिक दूरी से आती हैं उनके लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर की व्यवस्था की गई है। उन्हें प्रतिदिन 20 रुपए का ट्रांसपोर्ट वाउचर दिया जा रहा है। प्रदेश में शिक्षा विकास के लिए शिक्षा से जुड़े विभिन्न नवाचार भी किए गए हैं। प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अब कक्षा एक से 12 तक की पढ़ाई एक ही स्कूल में होगी। देवनानी ने बालिकाओं का आह्वान किया कि वे पढ़ें, आगे बढ़ें और देश-प्रदेश और समाज का नाम आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को भी समय पर आकर बच्चों को प्रेरित करना होगा। विद्यार्थी भी समय प्रबंधन का महत्व समझकर पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। इस अवसर पर महापौर धर्मेन्द्र गहलोत ने कहा कि एक बालिका पढ़ती है, तो उससे दो परिवार शिक्षित होते हैं। अजमेर साक्षरता के क्षेत्र में अग्रणी जिला रहा है। हम बालिका शिक्षा के क्षेत्र में भी नई मिसाल कायम करें। हमें सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा। पीसांगन के प्रधान दिलीप पचार ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने सराहा।

वासुदेव देवनानी ने एन.जी.ओ. एज्युकेट गर्ल्स के स्थापना दिवस कार्यक्रम में की शिरकत

बालको में संस्कार विकसित करें गुरू

अजमेर

जिले के प्रभारी एवं शिक्षा राज्य मंत्री प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारों का विकास भी आवश्यक है। प्रदेश में शिक्षा के प्रति नई लहर विकसित हुई है। राज्य सरकार प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में शिखर पर ले जाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य में आमजन के साथ ही गैर सरकारी संगठनों का भी सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

शिक्षा राज्य मंत्री प्रो. देवनानी ने शुक्रवार को हरदेव स्थित एक रिसोर्ट में गैर सरकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शिक्षा के प्रति एक नई लहर पैदा हुई है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में इस साल 9 लाख नए नामांकन हुए है। सरकार शिक्षा के उन्नयन के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

प्रो. देवनानी ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले करीब 43 हजार विद्यार्थियों को 13 दिसम्बर से पूर्व लैपटॉप वितरित किए जाएंगे। प्रदेश में नवीं कक्षा की 5.25 लाख बालिकाओं को साईकिलें वितरित की गई है। जो छात्राएं 5 किलो मीटर से अधिक दूरी से आती है उनके लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर की व्यवस्था की गई है। उन्हें प्रतिदिन 20 रूपए ट्रांसपोर्ट वाउचर दिया जा रहा है। प्रदेश में शिक्षा विकास के लिए शिक्षा में जुड़े विभिन्न संस्थान भी किए गए है। प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अब कक्षा एक से 12 तक की पढ़ाई एक ही स्कूल में होगी। प्रो. देवनानी ने बालिकाओं का आव्हान किया कि वे पढ़े, आगे बढ़े और देश प्रदेश और समाज का नाम आगे बढ़ाए। प्रदेश के विद्यार्थियों को अगले शिक्षण सत्र में भारत के गौरव रहे नायकों का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को भी समय पर आकर बच्चों को प्रेरित करना होगा। विद्यार्थी भी समय प्रबन्धन का महत्व समझकर पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। प्रो. देवनानी ने कहा कि निःशुल्क पुस्तकों, आठवीं तक के विद्यार्थियों को मिड डे मील भी दिया जा रहा है।

एक लाख बालिकाओं ने किया नामांकन

अजमेर। आठ वर्ष एक लंबा समय होता है! एजुकेट गर्ल्स आज जिस मुकाम पर खड़ा है, उसमें इसकी टीम के कठिन परिश्रम एवं दृढ़ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह कहना है गैर सरकारी संगठन एजुकेट गर्ल्स के मुख्य परिचालन अधिकारी सुरेश सुब्रमण्यिन का।उन्होंने बताया कि एजुकेट गर्ल्स वर्तमान समय में राजस्थान के 7 जिलों के 4600 गाँवों में फैले लगभग 8000 स्कूलों में कार्यरत है। 8 वर्ष पूर्व अपने शुभारंभ के समय से इस संगठन ने 1,00,000 से अधिक बालिकाओं का नामांकन किया। एजुकेट गर्ल्स के कार्यों से अब तक 28,00,000 से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए हैं। यह वर्ष ऐतिहासिक रहा है, क्योंकि एजुकेट गर्ल्स 10,00,000 से अधिक अनूठे लाभार्थियों तक पहुंचने में सफल रहा है-यह उपलब्धि इसकी स्थापना के बाद से किसी भी शैक्षणिक वर्ष की अपेक्षा से पहली बार सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि एजुकेट गर्ल्स का लक्ष्य भारत की सभी बालिकाओं का व्यवहारगत, सामाजिक एवं आर्थिक रुपांतरण करना है, जहां पर सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर उपलब्ध है। इसका लक्ष्य वर्ष 2018 तक भारत के पिछड़े समुदाय में निवास करने वाले लगभग 40,00,000 बच्चों तक पहुंचना है। गौरतलब है कि एजूकेट गर्ल्स ने 8वें स्थापना दिवस की वर्षगांठ को मनाने के लिए 'पदमिनी हेरिटेज रिसोर्ट' में एक विशाल समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा राज्य

मन्त्री प्रो. वासुदेव देवनानी ने शिरकत की। प्रत्येक वर्ष के समान ही इस वर्ष भी इस समारोह में 1200 टीम बालिका सदस्यों ने इस विशेष दिवस पर पारस्परिक सराहना एवं प्रोत्साहन के लिए एक साथ उपस्थित हो कर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया। इन्होंने अत्यधिक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पेश किया, जिसमें संगीतमय प्रस्तुतियां, रोल-प्ले एवं उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धियों की हृदयस्पर्शी कहानियां शामिल थीं। इस अवसर पर कुल 1300 लोग उपस्थित थे, जिसमें सरकारी अधिकारी, पी.आर.आई सदस्य, एजुकेट गर्ल्स के कर्मचारी एवं टीम बालिका के सदस्य शामिल थे। इस पूरे स्थल को इस वर्ष के थीम "उड़ान" को ध्यान में रख कर चिंतनपरक तरीके से डिजाइन किया गया था।

बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कार भी विकसित करें शिक्षक- प्रो. देवनानी

प्रभारी मंत्री ने एन.जी.ओ. एज्युकेट गर्ल्स के स्थापना दिवस कार्यक्रम में की शिरकत

अजमेर, 11 दिसम्बर। जिले के प्रभारी एवं शिक्षा राज्य मंत्री प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारों का विकास भी आवश्यक है। प्रदेश में शिक्षा के प्रति नई लहर विकसित हुई है। राज्य सरकार प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में शिखर पर ले जाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य में अध्यजन के साथ ही गैर सरकारी संगठनों का भी सक्रिय सहयोग आवश्यक है। शिक्षा राज्य मंत्री प्रो. देवनानी ने आज हट्टूंडी स्थित एक रिसोर्ट में गैर सरकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शिक्षा के प्रति एक नई लहर पैदा हुई है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में इस साल 9 लाख नए नामांकन हुए है। सरकार शिक्षा के उन्नयन के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

प्रो. देवनानी ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले करीब 43 हजार विद्यार्थियों को 13 दिसम्बर से पूर्व लैपटॉप वितरित किए जाएंगे। प्रदेश में नवीं कक्षा की 5.25 लाख बालिकाओं को साईकिल वितरित की गई है। जो छात्राएं 5 किलो मीटर से अधिक दूरी से आती है उनके लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर की व्यवस्था की गई हैं। उन्हें प्रतिदिन 20 रूपए ट्रांसपोर्ट वाउचर दिया जा रहा है। प्रदेश में शिक्षा विकास के लिए शिक्षा से जुड़े विभिन्न नवाचार भी किए गए है। प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अब कक्षा एक से 12 तक की पढ़ाई एक ही स्कूल में होगी। प्रो. देवनानी ने बालिकाओं का आव्हान किया कि वे पढ़े, आगे बढ़े और देश-प्रदेश और समाज का नाम आगे बढ़ाए। प्रदेश के विद्यार्थियों को अगले शिक्षण सत्र से भारत के गौरव रहे गायकों का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को भी समय पर आकर बच्चों को प्रेरित करना होगा। विद्यार्थी भी समय प्रबंधन का महत्व समझकर पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। प्रो. देवनानी ने कहा कि निशुल्क पुस्तकों, आठवीं तक के विद्यार्थियों को मिड डे मील भी दिया जा रहा है।

राज्य सरकार के इन प्रयासों में अध्यजन एवं गैर सरकारी संगठन भी सक्रिय सहयोग करें। हम यह संकल्प लें कि प्रदेश का कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे। महापौर श्री धर्मेन्द्र गहलोत ने कहा कि एक बालिका पढ़ती है तो उससे दो परिवार शिक्षित होते है। अजमेर साक्षरता के क्षेत्र में अग्रणी जिला रहा है।

हम बालिका शिक्षा के क्षेत्र में भी नई मिसाल कायम करें। हमें सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा। पीसांगन प्रधान श्री दिलीप पंवार ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर एजुकेट गर्ल्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

adivasi girls
उड़ान
tion Day Celebration - 2015

बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कार भी विकसित करें शिक्षक : देवनानी

अजमेर,(कासं)। जिले के प्रभारी एवं शिक्षा राज्य मंत्री प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारों का विकास भी आवश्यक है। प्रदेश में शिक्षा के प्रति नई लहर विकसित हुई है। राज्य सरकार प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में शिखर पर ले जाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य में आमजन के साथ ही गैर सरकारी संगठनों का भी सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

प्रो. देवनानी ने शुक्रवार को हंट्टी स्थित एक रिसोर्ट में गैर सरकारी संस्था एज्यूकेट गर्ल्स के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शिक्षा के प्रति एक नई लहर पैदा हुई है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में इस साल 9 लाख नए नामांकन हुए है। सरकार शिक्षा के उन्नयन के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रो. देवनानी ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले करीब 43 हजार विद्यार्थियों को 13 दिसम्बर से पूर्व लैपटॉप वितरित किए जायेंगे। प्रदेश में नवीं कक्षा की 5.25 लाख बालिकाओं को साईकिल वितरित की गई है। जो छात्राएं 5 किलोमीटर से अधिक दूरी से आती है उनके लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर की व्यवस्था की गई है। उन्हें प्रतिदिन 20 रुपये ट्रांसपोर्ट वाउचर दिया जा रहा है। प्रदेश में शिक्षा विकास के लिए शिक्षा से जुड़े विभिन्न नवाचार भी किए गए हैं। प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अब कक्षा एक से 12 तक की पढ़ाई एक ही स्कूल में होगी।

अजमेर में एनजीओ 'एज्यूकेट गर्ल्स' के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने शिरकत की।

■ 'प्रदेश का कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे'

प्रो. देवनानी ने कहा कि निशुल्क पुस्तकें, आठवीं तक के विद्यार्थियों को मिड-डे-मील भी दिया जा रहा है। राज्य सरकार के इन प्रयासों में आमजन एवं गैर सरकारी संगठन भी सक्रिय सहयोग करें। हम यह संकल्प लें कि प्रदेश का कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहें। महापौर धर्मेन्द्र गहलोत ने कहा कि एक बालिका पढ़ लीं है तो उससे दो परिवार शिक्षित होते हैं। अजमेर साक्षरता के क्षेत्र में अग्रणी जिला रहा है। हम बालिका शिक्षा के क्षेत्र में भी नई मिसाल कायम करें। हमें सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा। पीसांगन प्रधान दिलीप पन्वार ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

शिक्षा के साथ संस्कारों का विकास जरुरी : देवनानी

अजमेर (निसं.)

जिले के प्रभारी एवं शिक्षा राज्य मंत्री प्रो. वासुदेवदेवनानी ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारोंका विकास भी आवश्यक है। प्रदेश में शिक्षा के प्रति नई लहर विकसित हुई है।राज्य सरकार प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र मेंशिखर पर ले जाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य मेंआमजन के साथ ही गैर सरकारी संगठनोंका भी सक्रिय सहयोग आवश्यक है। शिक्षाराज्य मंत्राी प्रो. देवनानी ने आज हटूंडी स्थित एक रिसोर्ट में गैर सरकारी संस्था एजूकेट गर्ल्स के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शिक्षा के प्रति एक नई लहर पैदा हुई है।राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में इस साल 9 लाख नए नामांकन हुए है।सरकार शिक्षा के उन्नयन के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रो. देवनानी ने कहा कि विद्यार्थियोंको प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश मेंबोर्ड परीक्षाओं मेंअच्छा प्रदर्शन करने वालेकरीब 43 हजार विद्यार्थियोंको 13 दिसम्बर से पूर्व लैपटॉप वितरित किए जाएंगे।प्रदेश में नवीं कक्षा की 5.25 लाख बालिकाओं को साईकिल वितरित की गईहै।जो छात्राएं 5 किलोमीटर सेअधिकदूरी सेआती है उनके लिए ट्रासपोट वांउचरकी व्यवस्था की गई हैं।

राजसमंद : वार्षिक महोत्सव

राजसमंद| एजुकेट गर्ल्स के आठवें स्थापना दिवस के मौके पर वार्षिक महोत्सव सोमवार को द्वारकेश वाटिका में होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. विष्णुकांत व कार्यवाहक कलेक्ट्रेट बृजमोहन बैरवा होंगे। महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम, रोल प्ले एवं हृदय स्पर्शी कहानियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी। एजुकेट के मुख्य परिचालन अधिकारी सुरेश सुब्रमणि की उपस्थिति में 370 बालिका टीम अपने हुनर का प्रदर्शन किया जाएगा।

वर्षगांठ पर लिया शिक्षा का संकल्प, प्रस्तुतियों से मोहा

राजसमंद. एजुकेट गर्ल्स संगठन ने सोमवार को अपना 8वां स्थापना दिवस मनाया। समारोह में एसपी डॉ. विष्णु कांत और एडीएम ब्रजमोहन बैरवा मुख्य अतिथि थे। समारोह में 11 सौ बालिकाओं ने भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका और कार्यकारी निदेशिका सफीना हुसैन ने विचार रखे। उन्होंने बताया कि यह एक गैरसरकारी संगठन है और राजस्थान के सात पिछड़े जिलों पाली, जालौर, सिरोही, अजमेर, राजसमंद, बूंदी और भीलवाड़ा में संचालित होता है और यह खासतौर से लड़कियों की शिक्षा के लिए काम करता है।

एज्यूकेट गर्ल्स ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

बालिकाओं की ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

राजसमंद। समारोह में उपस्थित जनसमुदाय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते कलाकार। फोटो-जयंत शर्मा

को इस वर्ष के थीम ''उड़ान'' को ध्यान में रख कर चिंतन परक तरीके से डिजाइन किया गया था। इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

एज्यूकेट गर्ल्स के विषय में...

संस्था के सीईओ सुरेश सुब्रह्मण्यम् ने बताया कि यह एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो भारत के शिक्षा तंत्र में लिंग असमानता के प्रमुख कारण के मुद्दों से निपटता है। संगठन की स्थापना 2007 में की गई। लड़कियों के स्कूल में नामांकन, उनके स्कूल में बने रहने और अध्यापन पर ध्यान केन्द्रित करता है। संस्था का लक्ष्य सभी सुविधा से वंचित एवं अधिकारहीन लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। यह राजस्थान के 7 पिछड़े जिलों पाली, जालौर, सिरोही, अजमेर, राजसमंद, बूंदी और भीलवाड़ा में कार्य करता है। संस्था द्वारा 4 हजार 6 सौ गांवों में 8 हजार से अधिक स्कूलों में अपने प्रोग्राम क्रियान्वित किए हैं। विगत 8 वर्षों में संस्था द्वारा एक लाख लड़कियों का नामांकन कराया और इसके कार्यों से 28 लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए हैं।

एजुकेट गर्ल्स ने टीम बालिकाओं ने मनाया आठवां स्थापना दिवस

एजुकेट गर्ल्स की ओर से द्वारकेश वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विष्णुकांत का अभिनंदन करते निदेशिका सौफीना हुसैन तथा रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार।

राजसमंद, 14 दिसम्बर। लड़कियों को शिक्षा के लिए शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिलों में सरकार, स्कूल एवं लोक प्रशासकीय निकायों के साथ साझेदारी करने वाले गैर-सरकारी संगठन एजुकेट गर्ल्स ने राजसमंद जिले में आठवां स्थापना दिवस 'द्वारकेश कल्याण मंडपम वाटिका' में समारोहपूर्वक मनाया। इस वर्ष के थीम 'उड़ान' को ध्यान में रख कर चित्तनसरक तरीके से वाटिका को डिजाइन किया गया था। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पुलिस अधीक्षक डा.विष्णु कान्त और कार्यवाहक कलेक्टर बृजमोहन केवड़ा ने रहे। समारोह में 1100 टीम बालिका सदस्यों ने इस विशेष दिवस पर पारस्परिक सराहना एवं प्रोत्साहन के लिए एक साथ उपस्थित हो कर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया। इन्होंने अत्यधिक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पेश किया, जिसमें संगीतमय प्रस्तुतियां, रोल-प्ले एवं उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धियों की हृदयस्पर्शी कहानियां शामिल थीं। इस अवसर पर कुल 1300 लोग उपस्थित थे, जिसमें सरकारी अधिकारी, पी.आर.आई. सदस्य, एजुकेट गर्ल्स के कर्मचारी एवं टीम बालिका के सदस्य शामिल थे।

एजुकेट गर्ल्स की कार्यकारी निदेशिका सफीना हुसैन ने कहा कि वर्ष 2006-07 की याद है, जब मैंने आप में से कुछ के साथ अपने पहले 50 स्कूल चावलट को शुरु किया था। हमने कभी यह कल्पना नहीं की थी कि हम इस बुलंदियों को स्पर्श कर पाएंगे। एजुकेट गर्ल्स की इस सफल यात्रा एवं उपलब्धि में यहां पर उपस्थित आप में से प्रत्येक के कठिन परिश्रम, दृढ़ता एवं बेझिझक समर्थन की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने बालिका शिक्षा के सरोकार में अपने बहुमूल्य समय एवं प्रयास को न्योछावर करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। एजुकेट गर्ल्स का लक्ष्य भारत की सभी बालिकाओं का व्यवहारगत, सामाजिक एवं आर्थिक रुपांतरण करना है, जहां पर सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर उपलब्ध है। इसका लक्ष्य वर्ष 2018 तक भारत के पिछड़े समुदाय में निवास करने वाले लगभग 40 लाख बच्चों तक पहुंचना है। स्थापना दिवस की 8वीं वर्षगांठ का यह समारोह, दोहरी खुशियों को ले कर आया है क्योंकि एजुकेट गर्ल्स ने इस वर्ष के प्रारंभ में सामाजिक क्षेत्र के सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवार्ड-स्कोल अवार्ड को हासिल किया। यह अवार्ड एजुकेट गर्ल्स को ऑक्सफोर्ड, इंग्लैंड में दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने सामूहिक नृत्य, नाटक की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मधुसूदन व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक युगल बिहारी दाधीच, बीईईओ राजसमंद सत्यदेव शर्मा, बीईईओ रेलमगरा महेन्द्र सिंह झाला, सर्व शिक्षा अभियान के एपीसी शिवकुमार व्यास, प्रेमसिंह, गुणवत्ता प्रभारी मुकेश त्रिवेदी, रमेश जोनगर, ताराचंद, जगदीश गुर्जर, एजुकेट गर्ल्स के विकास पालीवाल, मुकेश शर्मा, मोनिका टांक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्थापना दिवस मनाया

राजसमंद, (अजीत उपाध्याय): एजुकेट गर्ल्स संगठन जिसने लड़कियों की शिक्षा के लिए शैक्षणिक रुप से पिछड़े जिलों में सरकार, स्कूल एवं लोक प्रशासकीय निकायों के साथ साझेदारी की है,आज अपने 8वें स्थापना दिवस की वर्षगांठ मनाने केलिए आज 'द्वारकेश कल्याण मंडपम वाटिका' में एक विशाल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजसमन्द के एसपी डॉ.विष्णुकान्त और कार्यवाहक कलेक्टर ब्रज मोहन बैरवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रत्येक वर्ष के समान ही इस वर्ष भी इस समारोह में 1100 टीम बालिका सदस्यों ने इस विशेष दिवस पर पारस्परिक सराहना एवं प्रोत्साहन केलिए एक साथ उपस्थित होकर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया। इन्होंने अत्यधिक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पेश किया। जिसमें संगीतमय प्रस्तुतियां,रोल-प्ले एवं उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धियों की हृदयस्पर्शी कहानियां शामिल थीं।

एज्युकेट गर्ल्स का आठवां स्थापना दिवस आज

राजसमंद। एजुकेट गर्ल्स के आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक महोत्सव सोमवार को सुबह साढ़े 11 बजे द्वारकेश वाटिका में आयोजित किया जाएगा। एज्युकेट गर्ल्स के मुकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विष्णुकांत एवं कार्यवाहक कलेक्टर बृजमोहन बैरवा होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रोल प्ले, हृदयस्पर्शी कहानियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस अवसर पर एज्युकेट गर्ल्स के मुख्य परिचालन अधिकारी सुरेश सुब्रह्मण्यम भी उपस्थित रहेंगे।

राजसमंद। एज्युकेट गर्ल्स की ओर से जिला मुख्यालय के द्वारकेश वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विष्णुकांत का अभिनंदन करते निदेशिका सौफीना हुसैन तथा रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : मुबारिक हुक्रिया

एज्युकेट गर्ल्स ने मनाया आठवां स्थापना दिवस

राजसमंद। लड़कियों की शिक्षा के लिए शैक्षणिक रुप से पिछड़े जिलों में सरकार, स्कूल एवं लोक प्रशासकीय निकायों के साथ साझेदारी करने वाले गैर-सरकारी संगठन एज्युकेट गर्ल्स ने राजसमंद जिले में आठवां स्थापना दिवस 'द्वारकेश कल्याण मंडपम वाटिका' में समारोहपूर्वक मनाया। इस वर्ष के थीम 'उड़ान' को ध्यान में रख कर चिंतनपरक तरीके से वाटिका को डिजाइन किया गया था। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पुलिस अधीक्षक डा.विष्णु कान्त और कार्यवाहक कलेक्टर बृजमोहन बैरवा रहे। समारोह में 1100 टीम बालिका सदस्यों ने इस विशेष दिवस पर पारस्परिक सराहना एवं प्रोत्साहन के लिए एक साथ उपस्थित हो कर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया। इन्होंने अत्यधिक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पेश किया, जिसमें संगीतमय प्रस्तुतियां, रोल-प्ले एवं उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धियों की हृदयस्पर्शी कहानियां शामिल थीं। इस अवसर पर कुल 1300 लोग उपस्थित थे, जिसमें सरकारी अधिकारी, पी.आर.आई सदस्य, एजुकेट गर्ल्स के कर्मचारी एवं टीम बालिका के सदस्य शामिल थे।

एज्युकेट गर्ल्स की कार्यकारी निदेशिका सफीना हुसैन ने कहा कि वर्ष 2006-07 की याद है, जब मैंने आप में से कुछ के साथ अपने पहले 50 स्कूल पायलट को शुरु किया था। हमने कभी यह कल्पना नहीं की थी कि हम इस बुलंदियों को स्पर्श कर पाएंगे। एजुकेट गर्ल्स का लक्ष्य भारत की सभी बालिकाओं का व्यवहारगत, सामाजिक एवं आर्थिक रुपांतरण करना है, जहां पर सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर उपलब्ध है। इसका लक्ष्य वर्ष 2018 तक भारत के पिछडें समुदाय में निवास करने वाले लगभग 40 लाख बच्चों तक पहुंचना है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मधुसूदन व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक युगल बिहारी दाधीच, बीईईओ राजसमंद सत्यदेव शर्मा, बीईईओ रेलमगरा महेन्द्र सिंह झाला, सर्व शिक्षा अभियान के एपीसी शिवकुमार व्यास, प्रेमसिंह, गुणवत्ता प्रभारी मुकेश त्रिवेदी, रमेश जीनगर, ताराचंद, जगदीश गुर्जर, एज्युकेट गर्ल्स के विकास पालीवाल, मुकेश शर्मा, मोनिका टांक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

'मां बापू तुम हमें पढ़ाओ...'

■ उड़ान कार्यक्रम में उमड़ीं छात्राएं

राजसमंद @ पत्रिका. मां बापू तुम हमें पढ़ाओ, स्कूल ले चलो और पुण्य कमाओ.., ओ मां, ओ मां..., जय हो, जय हो, के गीतों पर किशोरियों ने नृत्य कर ऐसा समां बांधा की दर्शक झूम उठे। आयोजन था शहर के द्वारकेश वाटिका में एजुकेट गर्ल्स के 8वें स्थापना दिवस का।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी डा. विष्णुकांत और अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रजमोहन बैरवा थे। वहीं विशिष्ट अतिथि डीईओ (माध्यमिक) मधुसूदन व्यास, डीईओ (प्रारम्भिक) युगल बिहारी दाधीच, बीईईओ राजसमंद सत्यदेव शर्मा आदि। कार्यक्रम के दौरान संस्था की 1100 टीम बालिका सदस्यों ने यहां मंच पर गीत, नुक्कड़ नाटक, नृत्य व अपने

एज्युकेट गर्ल्स के स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देती बालिकाएं।

अनुभवों के माध्यम से लोगों को बालिकाओं को पढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सफीना हुसैन ने संस्था के 8 वर्षों के क्रिया कलापों की जानकारी दी। गौरतलब है कि संस्था राजस्थान के सात पिछड़े जिलों में (पाली, जालौर, सिरोही, अजमेर, राजसमंद, बूंदी और भीलवाड़ा) परिचालन करता है।

आठवां स्थापना दिवस आज

राजसमंद,(निसं)। एजुकेट गर्ल्स के आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक महोत्सव सोमवार 14 दिसम्बर को सुबह साढे 11 बजे द्वारकेश वाटिका में आयोजित किया जाएगा। एज्युकेट गर्ल्स के मुकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विष्णुकांत एवं कार्यवाहक कलेक्टर बृजमोहन बैरवा होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रोल प्ले, हृदयस्पर्शी कहानियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस अवसर पर एज्युकेट गर्ल्स के मुख्य परिचालन अधिकारी सुरेश सुब्रह्मण्यम भी उपस्थित रहेंगे।

बालिकाओं ने सामूहिक नृत्य व नाटक की प्रस्तुतियां देकर बांधा समां

- गैर-सरकारी संगठन एज्युकेट गर्ल्स ने स्थापना दिवस मनाया
- आठवें स्थापना दिवस समारोह की थीम 'उड़ान' रखी

राजसमंद में एज्युकेट गर्ल्स की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी।

राजसमन्द, (निसं)। लड़कियों की शिक्षा के लिए शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिलों में सरकार, स्कूल एवं लोक प्रशासकीय निकायों के साथ साझेदारी करने वाले गैर-सरकारी संगठन एज्युकेट गर्ल्स ने राजसमंद जिले में आठवां स्थापना दिवस 'द्वारकेश कल्याण मंडपम वाटिका' में मनाया गया।

इस वर्ष के थीम 'उड़ान' को ध्यान में रखकर चिंतनपरक तरीके से वाटिका को डिजाइन किया गया था। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. विष्णु कान्त और कार्यवाहक कलेक्टर बृजमोहन बैरवा ने रहे। समारोह में 1100 टीम बालिका सदस्यों ने इस विशेष दिवस पर पारस्परिक सराहना एवं प्रोत्साहन के लिए एक साथ उपस्थित होकर अपने संकल्प का प्रदर्शन किया। इन्होंने अत्यधिक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पेश किया। जिसमें संगीतमय प्रस्तुतियां, रोल-प्ले एवं उनके व्यक्तिगत संघर्ष और उपलब्धियों की हृदयस्पर्शी कहानियां शामिल थी। वहीं कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने सामूहिक नृत्य, नाटक भी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर कुल 1300 लोग उपस्थित थे। जिसमें सरकारी अधिकारी, पीआरआई सदस्य, एजुकेट गर्ल्स के कर्मचारी एवं टीम बालिका के सदस्य शामिल थे।

एज्युकेट गर्ल्स की कार्यकारी निदेशिका सफीना हुसैन ने कहा कि वर्ष 2006-07 की याद है, जब मैंने आप में से कुछ के साथ अपने पहले 50 स्कूल पायलट को शुरू किया था। हमने कभी यह कल्पना नहीं की थी कि हम इस बुलंदियों को स्पर्श कर पाएंगे। एजुकेट गर्ल्स की इस सफल यात्रा एवं उपलब्धि में यहां पर उपस्थित आप में से प्रत्येक के कठिन परिश्रम, दृढ़ता एवं वेझिझक समर्थन की बहुत बड़ी भूमिका है।

उन्होंने बालिका शिक्षा के सरोकार में अपने बहुमूल्य समय एवं प्रयास को न्योछावर करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। एजुकेट गर्ल्स का लक्ष्य भारत की सभी बालिकाओं का व्यवहारगत, सामाजिक एवं आर्थिक रूपांतरण करना है, जहां पर सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर उपलब्ध है। इसका लक्ष्य वर्ष 2018 तक भारत के पिछड़े समुदाय में निवास करने वाले लगभग 40 लाख बच्चों तक पहुंचना है। वहीं एजुकेट गर्ल्स ने इस वर्ष के शुरू में सामाजिक क्षेत्र के सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवार्ड-स्कोल अवार्ड को हासिल किया। यह अवार्ड एजुकेट गर्ल्स को ऑक्सफोर्ड, इंग्लैंड में दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मधुसूदन व्यास, जिला शिक्षा अधिकारीयुगल बिहारी दाधीच, बीईईओ राजसमंद सत्यदेव शर्मा, सर्व शिक्षा अभियान के एपीसी शिवकुमार व्यास आदि मौजूद थे।